संख्या: 32/2017/728**/33-3-2017-81/2017** टी.सी.**-1**

प्रेषक,

चंचल कुमार तिवारी,

अपर मुख्य सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,

उत्तर प्रदेश।

पंचायतीराज अनुभाग-**3** लखनऊ दिनांक: 19 अप्रैल, **2017**

विषय: दिनांक **24** अप्रैल **2017** को राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस के आयोजन के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस का आयोजन दिनांक **24** अप्रैल **2017** किया जा रहा है, जिसका दूरदर्शन के माध्यम से सीधा प्रसारण किया जाना है।

उक्त प्रसारण का टी.वी./एल.सी.डी. के माध्यम से प्रदेश के समस्त विकास खण्डों एवं जनपदों पर किये जाने की अपेक्षा भारत सरकार द्वारा की गयी है, जहां पर क्षेत्र की जनता, प्रधान, खण्ड प्रमुखों, माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष, मा0 सांसदों एवं मा0 विधायकों आदि के द्वारा प्रतिभाग किया जाना है। साथ ही साथ विकास खण्ड/ जनपद स्तर पर कार्यक्रम प्रसारण के प्रारम्भ मे सभी प्रतिभागियों को स्वच्छता की शपथ संबंधित कार्यालय अध्यक्ष द्वारा दिलायी जानी है(छायाप्रति संलग्न) तथा कार्यक्रम मे दी जाने वाली जानकारियों को प्रतिभागीयों द्वारा अपने कार्य क्षेत्र मे जनसमुदाय तक पहुंचाया जाना है।

उक्त कार्यक्रम के जनपद/विकास खण्ड स्तर पर प्रसारण हेतु टी.वी./एल.सी.डी. का किराया एवं प्रतिभागियों हेतु आवश्यक जलपान पर धनराशि व्यय की जानी होगी। व्यय होने वाली धनराशि का भुगतान स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के आई.ई.सी. मद से अधिकतम रू. **10,000/-** तक किया जायेगा।

अतः उक्तानुसार जनपद स्तर पर आवश्यक व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय

(चंचल कुमार तिवारी)

अपर मुख्य सचिव।

http://shasnadeshup.nic.in

संख्या व दिनांक:- तदैव।

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- निजी सचिव, माननीय मंत्री पंचायतीराज विभाग, उत्तर प्रदेश।

2- स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।

3- स्टाफ आफिसर, कृषि उत्पादन आयुक्त एवं अपर मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।

4- समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।

5- निदेशक, पंचायती राज, उत्तर प्रदेश।

6- मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), उ0प्र0।

7- समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उत्तर प्रदेश।

8- समस्त मण्डलीय उपनिदेशक (पंचायत), उत्तर प्रदेश।

9- समस्त जिला पंचायतराज अधिकारी, उ0प्र0।

10- सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय, भारत सरकार दिल्ली।

11- संयुक्त सचिव, स्वच्छ भारत मिशन(ग्रामीण) पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय, दिल्ली।

12- निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन(ग्रामीण) पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय दिल्ली।

आज्ञा से,

(जोगेन्द्र प्रसाद)

उप सचिव।

http://Shasnadeshup.nic.in